# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरु मार्ग,
(पुराना मिंटो रोड), समीप ज़ाकिर हुसैन कॉलेज,
नई दिल्ली–110002


सत्यमेव जयते

TRAI

संख्याः 1–3/2016–कार्मिक व प्रशासन　　　　　　　　दिनांक 14 जनवरी, 2016

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम तथा सांविधिक एवं स्वायत्तशासी निकाय

विषय : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न पदों को अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करना।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), नई दिल्ली, संसद के अधिनियम अर्थात् भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की स्थापना दूरसंचार क्षेत्र को विनियमित करने, उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के हितों को संरक्षण करने और क्षेत्र के व्यवस्थित विकास को प्रोत्साहित व सुनिश्चित करने के लिए की गई है। वर्ष 2004 में प्रसारण एवं केबल सेवाओं के क्षेत्र से संबंधित कार्यों को विनियमित करने की जिम्मेदारी भी भादूविप्रा को सौंपी गई।

2) संगठन की ओर से शुरू में 31 मार्च, 2017 तक की अवधि के लिए अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति पर इसके क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न पदों पर नियुक्ति करने का प्रस्ताव है जिसका विवरण निम्न तालिका में दिया गया है। वर्तमान में क्षेत्रीय कार्यालयों का कार्यकाल 31 मार्च, 2017 तक की अवधि के लिए है जिसे प्राधिकरण द्वारा आवश्यक समझे जाने पर आगे बढ़ाया जा सकता है। रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) का स्थान | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| बेगलूरू | सलाहकार | 01 |
| | संयुक्त/उप सलाहकार | 01 |
| कोलकाता | सलाहकार | 01 |
| | सहायक | 01 |
| जयपुर | सलाहकार | 01 |
| | सहायक | 01 |
| हैदराबाद | संयुक्त/उप सलाहकार | 01 |
| भोपाल | संयुक्त/उप सलाहकार | 01 |
| | सहायक | 01 |

.........अगले पृष्ठ पर जारी.........

.........पिछले पृष्ठ से जारी.........



3) पदों तथा उनके लिए योग्यता/अनुभव आदि का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतनमान | योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | सलाहकार | पीबी–4, 37400–67000/–रु0 + ग्रेड वेतन 10000/–रु0 के साथ सरकारी नियमों के अनुसार देय डीए, एचआरए आदि। | केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों तथा सांविधिक एवं स्वायत्तशासी निकायों के अधिकारी जो (i) समकक्ष पद धारण किए हों, अथवा (ii) उस ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा के साथ चयन ग्रेड वाले अधिकारी या (iii) ऐसे अधिकारी, जिनकी समूह 'क' में 17 वर्ष की नियमित सेवा हो, जिसमें से चयन ग्रेड में न्यूनतम चार वर्ष की नियमित सेवा होनी चाहिए। |
| 2 | संयुक्त सलाहकार | पीबी–4, 37400–67000/–रु0 + ग्रेड वेतन 8700/–रु0 के साथ सरकारी नियमों के अनुसार देय डीए, एचआरए आदि। | केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों तथा सांविधिक एवं स्वायत्तशासी निकायों के अधिकारी जो (i) समकक्ष पद धारण किए हों, अथवा (ii) उस ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा के साथ कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड वाले अधिकारी या (iii) ऐसे अधिकारी जिनकी समूह 'क' में 12 वर्ष की नियमित सेवा हो, जिसमें से कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में न्यूनतम चार वर्ष की नियमित सेवा होनी चाहिए। |
| 3 | उप सलाहकार | पीबी–3, 15600–39100/–रु0 + ग्रेड वेतन 7600/–रु0 के साथ सरकारी नियमों के अनुसार देय डीए, एचआरए आदि। | केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों तथा सांविधिक एवं स्वायत्तशासी निकायों के अधिकारी जो (i) समकक्ष पद धारण किए हों, अथवा (ii) उस ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा के साथ वरिष्ठ टाइम स्केल वाले अधिकारी। |
| 4 | सहायक | पीबी–2, 9300–34800/–रु0 + ग्रेड वेतन 4200/–रु0 के साथ सरकारी नियमों के अनुसार देय डीए, एचआरए आदि। | केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों तथा सांविधिक एवं स्वायत्तशासी निकायों के कर्मचारी जो (i) समकक्ष पद धारण किए हों, अथवा (ii) 3050–4590 रु0 के वेतनमान (पूर्व–संशोधित)/पीबी–1, 5200–20200 + ग्रेड वेतन 1900 (संशोधित) में दस वर्ष की सेवा कर चुके हों, तथा साथ ही कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान रखते हों। |
| आयु : सभी पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | | | |

4) अनिवार्य योग्यता : (क्रम संख्या 1 से 3 के लिए) : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बिज़नेस प्रशासन/अर्थशास्त्र/वाणिज्यि/इंजीनियरिंग/विधि/विज्ञान/मानविकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री या भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान/भारतीय लागत व कार्य लेखाकार संस्थान की सदस्या तथा संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव।

.........अगले पृष्ठ पर जारी.........

..........पिछले पृष्ठ से जारी..........

5) सभी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सांविधिक और स्वायत्तशासी निकायों से अनुरोध है कि वे पिछले पांच वर्ष की एसीआर/एपीआर की सत्यापित प्रतियों तथा सतर्कता/अनुशासनात्मक अनापत्ति के साथ उन पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं तत्काल ही प्राधिकरण को सौंपी जा सकती हैं, के आवेदन संलग्न प्रपत्र (जो भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर भी उपलब्ध है) में भेजें। आवेदन पत्र, एक लिफाफे में रखकर, जिस पर आवेदित पद का नाम लिखा हो, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र0 एवं का0), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के समीन, नई दिल्ली–110002 को 15 फरवरी, 2016 तक अवश्य अग्रेषित कर दें।

भवदीय,

(एस0 एन0 तिवारी)
**वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (कार्मिक व प्रशासन)**
टेलीफान : 011–23664213/फैक्स : 011–23233017

आंतरिक प्रचालन सूचना के लिए :

1. संयुक्त सलाहकार, अध्यक्ष कार्यालय, भादूविप्रा।
2. वरिष्ठ प्र.नि.स.– सदस्य(वी), भादूविप्रा ।
3. वरिष्ठ प्र.नि.स. – सदस्य(ए), भादूविप्रा ।
4. वरिष्ठ प्र.नि.स. – सचिव, भादूविप्रा ।
5. सभी प्रधान सलाहकार एवं सलाहकार, भादूविप्रा मुख्यालय।
6. सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता, हैदराबाद, भोपाल, बेगलरू, जयपुर।
7. उप सलाहकार (आईटी) । कृपया परिपत्र को भादूविप्रा वेबसाइट में अपलोड करें।